दिनांक **06.11.2019**

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मोर जमीन मोर मकान के अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली समीक्षा बैठक

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम सभागार में समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत घटक मोर जमीन मोर मकान के अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की बारी-बारी से जानकारी प्राप्त.की!

कुछ व्यक्तियों के आवास निर्माण के लिए स्वीकृति आदेश तथा नक्शा हितग्राहियों को वास्तुविद द्वारा प्रदाय नहीं करने पर आयुक्त महोदय ने नाराजगी जाहिर की और आर्किटेक्ट को आदेशित करते हुए कहा कि तत्काल नक्शा एवं स्वीकृति आदेश हितग्राही को प्रदाय करें! आयुक्त महोदय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का निर्वहन कर रहे अधिकारियों को निर्देश दिए कि आर्किटेक्ट के प्रारंभ से लेकर अभी तक किए जा रहे कार्यों की पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करें इनके कार्यों के आंकलन के आधार पर वेतन विवरण आगामी मे प्रेषित किया जाए! आर्किटेक्ट के कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए आप लोगों को दायित्व मिला है अभी तक संपूर्ण क्षेत्रों का निरीक्षण कर ऐसे व्यक्तियों की पहचान हो जाने चाहिए थे जिनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है! प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारियों एवं आर्किटेक्ट को निर्देशित करते हुए कहा कि जिनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है उन लोगों का मिलान राशन कार्ड की वेबसाइट की सूची से करें ताकि इनका विवरण मिल सके और इनसे संपर्क कर आवास कार्य प्रारंभ करा सकें , इस कार्य को शीघ्र अति शीघ्र करें! बैठक में मोर जमीन मोर मकान के अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये।